उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 96 06/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2025-26/10-परीक्षा/2024

लखनऊ : दिनांक : 08 जून, 2026

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-10-परीक्षा/2024, बी०सी०जी० तकनीशियन मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/10 के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन बी०सी०जी० तकनीशियन के 255 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 07.08.2024 थी।

सूच्य है कि प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बंधित आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 30.09.2025, प्रकाशित विज्ञापन एवं आयोग द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2023 के वास्तविक स्कोर अथवा नार्मलाइज्ड स्कोर में शून्य या उससे कम / नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को पृथक करते हुए प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2023 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु उपलब्धता की सीमा तक शार्टलिस्ट हो रहे कुल 77 अभ्यर्थियों के परिणाम को मा० आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है।

उक्त के क्रम में समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-10-परीक्षा/2024, बी०सी०जी० तकनीशियन मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/10 के सापेक्ष आनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से मा० आयोग द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में तथा प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2023 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु उपलबधता की सीमा तक शार्टलिस्ट हो रहे कुल 77 अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

(हरिकेश चौरसिया)
सचिव।